

**Shivraj Singh Chouhan**
@ChouhanShivraj

किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के विस्तार के लिए केंद्र सरकार निरंतर कार्यरत है। कृषि क्षेत्र को समृद्ध और सशक्त बनाने में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

आज झारखंड के पलामू से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान में एग्जीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक का शिलान्यास किया।

@AgriGoI
@ManageHyd

Translate post







Last edited 6:49 PM · Sep 28, 2024 · **3,792** Views

हिन्दी मिलाप

# मैनेज में नए प्रशिक्षण एवं छात्रावास भवनों का शिलान्यास

**हैदराबाद, 26 सितंबर**
**(मिलाप ब्यूरो)**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान ने हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) में प्रशिक्षण एवं एक्ज़ीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक का शिलान्यास करने के लिए पट्टिका का वर्चुअल माध्यम से अनावरण किया।

डॉ. देवेश चतुर्वेदी, आईएएस, सचिव (कृषि एवं किसान कल्याण), भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वे डॉ. योगिता राणा, आईएएस, महानिदेशक, मैनेज एवं संयुक्त सचिव (आईएनएम), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के साथ नए निर्माण स्थल पर भूमि पूजन में शामिल हुए। अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर कृषि कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि अनुसंधान और विस्तार प्रशिक्षण में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्नत योजना के साथ कृषि के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि पेशेवरों और किसानों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित करने के लिए पारंपरिक और आधुनिक दृष्टिकोणों को मिलाने के महत्व को भी रेखांकित किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें रासायनिक खेती को कम करके प्राकृतिक खेती को अधिक महत्व देने के साथ साथ कृषि में विविधीकरण और मूल्य संवर्धन को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नया भवन केवल एक ढांचा मात्र है। वास्तव में उसकी आत्मा तो प्रशिक्षण और उससे संबंधित गतिविधियाँ हैं जो किसानों, विस्तार कार्यकर्ताओं, वैज्ञानिकों, एफपीओ और अन्य हितधारकों का मार्गदर्शन करेगा। डॉ. देवेश चतुर्वेदी, आईएएस, सचिव (कृषि और किसान कल्याण), भारत सरकार ने अतिथियों का स्वागत किया और मैनेज में नए प्रशिक्षण और छात्रावास सुविधाओं पर प्रकाश डाला, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी हितधारकों को शामिल करते हुए प्रशिक्षण, अनुसंधान और शिक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

स्वागत भाषण में डॉ. योगिता राणा, आईएएस, महानिदेशक, मैनेज और संयुक्त सचिव (आईएनएम), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि मैनेज द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की क्षमता और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए नए भवनों का निर्माण किया जाएगा जो हमारे बढ़ते कार्यक्रमों और हितधारकों की संख्या हेतु समर्थन करेगा। इससे हमें अत्याधुनिक प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस विज़न को वास्तविक रूप देने में सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। डॉ. सरवनन राज, निदेशक (कृषि विस्तार) मैनेज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में मैनेज के सभी संकाय, कर्मचारी, पीजीडीएम-एबीएम छात्र और सीपीडब्ल्यूडी अधिकारी उपस्थित थे।




*मैनेज में प्रशिक्षण एवं एक्ज़ीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक का वर्चुअल माध्यम से अनावरण करते केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान। साथ में डॉ. देवेश चतुर्वेदी, आईएएस, डॉ. योगिता राणा, आईएएस व अन्य।*

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने मैनेज में नए प्रशिक्षण

## एवं छात्रावास भवनों का शिलान्यास किया

हैदराबाद, 28 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) में प्रशिक्षण एवं एक्ज़ीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक का शिलान्यास करने के लिए पट्टिका का वर्चुअल अनावरण किया। डॉ. देवेश चतुर्वेदी, आईएएस, सचिव (कृषि एवं किसान कल्याण), भारत सरकार, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा डॉ. योगिता राणा, आईएएस, महानिदेशक, मैनेज एवं संयुक्त सचिव (आईएनएम), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के साथ नए निर्माण स्थल पर भूमि पूजन में शामिल हुए।

इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के



लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर कृषि पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि अनुसंधान और विस्तार प्रशिक्षण में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्नत योजना के साथ कृषि के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि पेशेवरों और किसानों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित करने के लिए पारंपरिक और आधुनिक दृष्टिकोणों को मिलाने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भवन केवल एक ढांचा मात्र है वास्तव में उसकी आत्मा तो प्रशिक्षण और उससे संबंधित गतिविधियां हैं जो किसानों, विस्तार कार्यकर्ताओं, वैज्ञानिकों, एफपीओ और अन्य हितधारकों का मार्गदर्शन करेगा ।

डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने अतिथियों का स्वागत किया और मैनेज में नए प्रशिक्षण और छात्रावास सुविधाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. योगिता राणा ने कहा कि मैनेज द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की क्षमता और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए नए भवनों का निर्माण किया जाएगा जो हमारे बढ़ती कार्यक्रमों और हितधारकों की संख्या हेतु समर्थन करेगा। डॉ. सरवनन राज, निदेशक (कृषि विस्तार) मैनेज ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

ABN ఆంధ్రజ్యోతి

# మేనేజ్‌లో భవనాలకు శంకుస్థాపన



మేనేజ్‌లో జరిగిన శిక్షణ, హాస్టల్ భవనాల శంకుస్థాపనలో డాక్టర్ దేవేశ్ చతుర్వేది, డాక్టర్ యోగితారాణా

**రాజేంద్రనగర్, సెప్టెంబర్ 28 (ఆంధ్రజ్యోతి):** రాజేంద్రనగర్‌లోని నేషనల్ ఇనిస్టిట్యూట్ ఆఫ్ అగ్రికల్చర్ ఎక్స్‌టెన్షన్ మేనేజ్‌మెంట్(మేనేజ్)లో రూ.54 కోట్లతో నిర్మించనున్న శిక్షణ, హాస్టల్ భవనాలకు శనివారం సాయంత్రం కేంద్ర వ్యవసాయ శాఖ మంత్రి శివరాజ్‌సింగ్ చౌహాన్ వర్చ్యువల్ పద్ధతిలో శంకుస్థాపన చేశారు. ఈ సందర్భంగా ఆయన మాట్లాడుతూ వ్యవసాయం భారత ఆర్థిక వ్యవస్థకు వెన్నెముక అని అన్నారు. భవిష్యత్ సవాళ్లను ఎదుర్కొనేందుకు ఆధునాతన ప్రణాళికలతో వ్యవసాయానికి సంబంధించిన అన్ని అంశాలను సమగ్రంగా పరిష్కరించే పరిశోధన, విస్తరణ, శిక్షణ అవసరమని అన్నారు. కార్యక్రమంలో కేంద్ర వ్యవసాయ శాఖ కార్యదర్శి డాక్టర్ దేవేశ్ చతుర్వేది, మేనేజ్ డైరెక్టర్ జనరల్ డాక్టర్ యోగితారాణా, వ్యవసాయ విస్తరణ విభాగం డైరెక్టర్ డాక్టర్ శరవణన్‌రాజ్ పాల్గొన్నారు.




శివరాజ్‌సింగ్ చౌహాన్

# Foundation Stone Laid for New Training Facilities at MANAGE



DECCAN NEWS SERVICE
HYDERABAD

Union Agriculture Minister Shivraj Singh Chouhan virtually laid the foundation stone for the Training and Executive Hostel Blocks at the National Institute of Agricultural Extension Management (MANAGE) in Hyderabad on Saturday. The event included Bhoomi Puja with Dr. Devesh Chaturvedi, IAS, Secretary of Agriculture, and Dr. Yogita Rana, IAS, Director General of MANAGE.

Chouhan emphasized the importance of agriculture in India's economy and the need for comprehensive training to meet future challenges. He called for a blend of traditional and modern agricultural practices and highlighted the significance of natural farming. Dr. Chaturvedi noted that the new facilities would enhance training and research for all stakeholders. Dr. Rana acknowledged that the infrastructure would improve the quality of training at MANAGE. The ceremony was attended by faculty, staff, PGDM-ABM students, and CPWD officials.